मध्यप्रदेश शासन
स्कूल शिक्षा विभाग
मंत्रालय
वल्लभ भवन भोपाल–462004

क्रमांक एफ 73–20/20–3/2008 भोपाल,दिनांक ......................

प्रति,

सचिव,
केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा मंडल,
प्रीत विहार, नई दिल्ली।

विषय :– अशासकीय शिक्षण संस्था निर्मल ज्योति हायर सेकेण्डरी स्कूल, बीना जिला सागर, म0प्र0 को ~~सी.बी.~~एस.ई./आई.~~सी.एस.~~ई. नई दिल्ली से सम्बद्धता हेतु अनापत्ती प्रमाण–पत्र देने के संबंध में।

——0000——

राज्य शासन द्वारा विषयांकित संस्था द्वारा आवेदन पत्र एवं शपथ पत्र के आधार पर संस्था को सी.बी.एस.ई. से सम्बद्धता हेतु यह अनापत्ति प्रमाण–पत्र निम्नलिखित शर्तों पर दिया जाता है :–

(1) केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा मंडल या अन्य बोर्ड से सम्बद्धता मिलने के उपरांत भी संस्था/समिति द्वारा म.प्र. शासन एवं लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा समय–समय पर शिक्षा के प्रबंध एवं विकास के संबंध में जारी निर्देशों का पालन किया जायेगा।

(2) संस्था की प्रबंध कारिणी समिति में जिला शिक्षा अधिकारी अथवा उनका एक प्रतिनिधि कार्यकारिणी में सम्मिलित करना होगा।

(3) शिक्षण संस्था में मान्नीय उच्चतम न्यायालय द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार क्रियाशील अग्नि शमन यंत्रों की आवश्यक रूप से व्यवस्था होगी तथा इस संबंध में भारत सरकार द्वारा शैक्षणिक संस्था के संबंध में समय–समय पर जारी किए जाने वाले निदेशों का पालन संस्था को करना होगा।

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से
तथा आदेशानुसार

( एम.के. दाण्डे )
अवर सचिव
मध्यप्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग

Sr. Therese
Secretary
Nirmal Jyoti Society
Bina 470 113
Sagar Dist. M.P

Sr. Teena
Principal
Nirmal Jyoti Hr Sec. School,
(a unit of Nirmal Jyoti Society)
Bina, M.P 470113

पृष्ठा.क्रमांक एफ 73–20 / 20–3 / 2008 भोपाल,दिनांक ........ 28-6-8

प्रतिलिपि –

1– ✓ सचिव,(संबंधित संस्था / समिति) अशासकीय शिक्षण संस्था निर्मल ज्योति हायर सेकेण्डरी स्कूल, बीना जिला सागर, म0प्र0 की ओर अग्रेषित। अशासकीय शिक्षण संस्था नर्मल ज्योति हायर सेकेण्डरी स्कूल, बीना जिला सागर, म0प्र0 को सी.बी.एस.ई. / ~~आई.सी.एस.ई.~~ से सम्बद्धता / मान्यता हेतु अनापत्ति प्रमाण–पत्र निम्न शर्तों पर प्रदान की जाती है :–

(1) संस्था सी.बी.एस.इ. / ~~आई.सी.एस.इ.~~ के अनुरूप मापदण्डों की पूर्ति करती है अथवा नहीं, इसका परीक्षण केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा किया जायेगा।

(2) संस्था द्वारा अनापत्ति प्रमाण–पत्र हेतु राज्य शासन को प्रस्तुत आवेदन पत्र या शपथ–पत्र में दी गई जानकारी गलत पाये जाने पर या उसका पालन नहीं करने पर अथवा राज्य शासन द्वारा समय–समय पर दिए गए निर्देशों का उल्लंघन किए जाने पर या प्राप्त शिकायत जांच में सही पाये जाने पर राज्य शासन द्वारा जारी अनापत्ती प्रमाण–पत्र निरस्त किया जा सकेगा।

2– आयुक्त,लोक शिक्षण म.प्र., भोपाल ।

3– जिला शिक्षा अधिकारी, जिला सागर, म0प्र0।

4– ऑर्डर बुक ।

28/6/08

अवर सचिव

मध्यप्रदेश शासन,स्कूल शिक्षा विभाग

Secretary
Nirmal Jyoti Society
Bina 470 113
Sagar Dist. M.P.

Sr. Teena
Principal
Nirmal Jyoti Hr. Sec. School,
(a unit of Nirmal Jyoti Society)
Bina, M.P 470113

## प्रारूप 2 (नियम 11(4) देखिए)

कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी (सागर ), मध्यप्रदेश

आवेदन क्रमांक 112243

स्कूल: NIRMAL JYOTI HR SEC BINA

मान्यता का प्रकार - नवीन मान्यता

मान्यता दिनांक - **01/04/2021**

सत्र - 2020-21

प्रति,

प्रबंधक (NIRMAL JYOTI HR SEC BINA)

विषय : निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकारी अधिनियम,2009 की धारा 18 के प्रयोजन के लिए निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार नियम, 2010 के नियम 11 के उपनियम (4) के अधीन स्कूल मान्यता प्रमाण पत्र ।

महोदय / महोदया,

आपके आवेदन पत्र दिनांक **18/01/2021** तथा इस संबंध में स्कूल से पश्चातवर्ती पत्र व्यवहार / निरक्षण के सन्दर्भ में, मैं आपकी स्कूल - **NIRMAL JYOTI HR SEC BINA** डाइस कोड - **23110418002** स्कूल क्रमांक - **PS 112243** को कक्षा पहली से आठवीं तक के लिए दिनांक **01/04/2021** से **31/03/2024** तक कालावधि के लिए मान्यता प्रदान करता हूँ।

उपरोक्त स्वीकृति निम्नलिखित शर्तों की पूर्ति के अध्यधीन होगी :-

- मान्यता विस्तारित नही होगी तथा कक्षा 8 से आगे की मान्यता/ संबद्धता की कोई बाध्यता किसी भी रूप मे विवक्षित नही होगी
- स्कूल निःशिल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 (उपबंध 1) तथा निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार नियम (उपबंध2 ) के उपबंधों का पालन करेगा।
- स्कूल, अपने पड़ोसी की सीमा के वंचित समूह तथा कमजोर वर्ग के बालकों को कक्षा 1 में न्यूनतम 25 प्रतिशत प्रवेश देगा। उस दशा में, स्कूल यदि सहायता प्राप्त स्कूल है तो इसमें प्रवेशित बालकों को उस अनुपात मे निःशुल्क और अनिवार्य प्रारम्भिक शिक्षा देगा जिस रूप में उसके वार्षिक आवर्ती व्यय को पूरा करने हेतु इस प्रकार वार्षिक आवर्ती सहायता या अनुदान प्राप्त होता है किन्तु यह न्यूनतम पच्चीस प्रतिशत के अधीन होगा बशर्ते कि जहां स्कूल पूर्व स्कूल (प्री स्कूल) शिक्षा दी जाती है वहाँ अधिनियम कीधारा 12 की उपधारा (1) के खंड (क) से (ग) के उपबंध प्री-स्कूल में प्रवेश के लिए लागू होंगे ।
- पैरा 3 में निर्दिष्ट बालकों के लिए स्कूल को अधिनियम की धारा 12(2) के अनुसार व्यय की प्रतिपूर्ति की जाएगी तथा एसी प्रतिपूर्ति प्राप्त करने के लिए स्कूल को पृथक से बैंक खाता उपलब्ध कराना होगा ।
- सोसाइटी/स्कूल कोई भी कैपिटेशन फीस क संग्रह नही करेगा तथा बालक या उसके पालक या अभिभावक के साथ किसी छानबीन प्रक्रिया को नही अपनाएगा ।
- स्कूल किसी भी बालक को प्रवेश देने से इंकार नही करेगा -
  - (क) आयु के सबूत के आभाव में ;
  - (ख) यदि प्रवेश के लिए विहित की गई विस्तारित कालावधि के पश्चयात ऐसा प्रवेश चाहा गया है;
  - (ग) धर्म, जाति या मूलवंश, जन्मस्थान या इनमें से किसी भी आधार पर |
- स्कूल सुनिश्चित करेगा कि -
  - किसी स्कूल मे प्रारंभिक शिक्षा पूर्ण होने तक किसी भी बालक को किसी कक्षा में रोका या निष्कासित नहीं किया जाएगा
  - किसी बालक को शारीरिक या मानसिक रूप से प्रताड़ित नही किया जाएगा;
  - प्रारंभिक शिक्षा पूर्ण होने तक बालक को कोई बोर्ड परीक्षा उत्तीर्ण करने कि आवश्यकता नहीं होगी ;
  - नियम 19 के अधीन प्रारंभिक शिक्षा पूर्ण करने वाले प्रत्येक बालक को प्रमाण पत्र दिया जाएगा;
  - अधिनियम के उपबंधो के अनुसार निःशक्त/विशेष आवश्यकता वाले बालकों को समाहित किया जाएगा
  - अधिनियम कि धारा 23(1) कि अधीन निर्धारित न्यूनतम योग्यता अनुसार शिक्षको कि भर्ती कि जाएगी; बशर्ते कि वर्तमान में कार्यरत जो शिक्षक इस अधिनियम के प्रारम्भ होने पर न्यूनतम आर्हता नहीं रखते है, उन्हे अधिनियम के प्रारम्भ होने के दिनांक से 5 वर्ष कि अवधि में निर्धारित न्यूनतम आर्हता प्राप्त करनी होगी
  - शिक्षकों को अधिनियम कि धारा 24(1) के आधीन विनीरदृष्ट कर्तव्यों का पालन करना होगा
  - प्रायवेट टीचिंग कि गतिविधियों में शिक्षक स्वयं भाग नही लेंगे/लेंगी
- स्कूल समुचित प्राधिकारी द्वारा निर्धारित पाठ्यचर्या का अनुसरण करेगा
- अधिनियम कि धारा 19 में विहित किए अनुसार स्कूल में उपलब्ध सुविधा के अनुपात में स्कूल में बच्चों का नामांकन किया जाएगा
- स्कूल द्वारा अधिनियम कि धारा 19 में विनिदृष्ट स्कूल के मानक एवं मापदण्ड बनाए रखे जाएंगे | अंतिम निरीक्षण के समय स्कूल में उपलब्ध सुविधाएं निम्नानुसार पाई गई :-

Signature valid

Digitally signed by Ajab Singh Thakur
Date: 2021.[illegible] 20:50:[illegible]
Reason: Digitally Signed
Location: NIC

Sr. Alherene
Secretary
Nirmal Jyoti Society
Bina 470 113
Sagar Dist. M.P.

Sr. Jeena Principal
Nirmal Jyoti Hr Sec. School,
(a unit of Nirmal Jyoti Society)
Bina, M.P 470113